कार्यालय श्रमायुक्त, उत्तर प्रदेश, जी0टी0 रोड, कानपुर।

पत्र संख्या: /आई0आर0डी0–2022 (म0भ0) दिनांक 2022

कार्यालय–ज्ञाप

शासकीय अधिसूचना–41/2016/1170/36–2–16–8/2004–टी0सी0–1, दिनांक 30 सितम्बर, 2016 की व्यवस्थानुसार राज्य के वैक्यूम पैन चीनी मिलों में कार्यरत समस्त श्रमिकों को परिवर्तनीय महँगाई भत्ता अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधार 1960=100, माह–फरवरी, 2022, मार्च, 2022 एवं अप्रैल, 2022 के औसत अंकों पर दिनांक 01.07.2022 से भुगतान किये जाने की व्यवस्था है।

अतः माह–फरवरी, 2022, मार्च, 2022 एवं अप्रैल, 2022 के मूल्य सूचकांक क्रमशः 8217.32, 8285.80 व 8399.93 अंक हैं, इसका औसत 8,301 अंक आता है। अतः राज्य की वैक्यूम पैन चीनी मिलों में कार्यरत समस्त श्रमिकों को 01 जुलाई, 2022 से 8301 अंकों पर परिवर्तिनीय महंगाई भत्ता अनुमन्य है।

(आर0पी0 गुप्ता)
उप श्रमायुक्त, उत्तर प्रदेश,
कृते श्रमायुक्त, उत्तर प्रदेश।

पत्र संख्या: 641–44 /आई0आर0डी0–2022 (म0भ0) दिनांक 06.07.2022

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. समस्त क्षेत्रीय अपर/उप श्रम आयुक्त को इस आशय से प्रेषित कि अपने अधीनस्थ को अवगत कराए तथा श्रमिकों, सेवायोजकों व उनके प्रतिनिधियों द्वारा मांगे जाने पर उपलब्ध कराएं।
2. प्रभारी, कम्प्यूटर प्रकोष्ठ, मुख्यालय को विभागीय बेबसाइट में अपलोड किये जाने हेतु।
3. पुस्तकालय अध्यक्ष, मुख्यालय, कानपुर।
4. उप श्रम आयुक्त, नजारत को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

(आर0पी0 गुप्ता)
उप श्रमायुक्त, उत्तर प्रदेश,
कृते श्रमायुक्त, उत्तर प्रदेश।